# Jain College, Jayanagar
# I PUC Mock Paper
# Subject: Hindi

**Duration: 3 Hrs 15 mins** **Max.Marks: 100**

---

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-** **1x6=6**

1-स्वामी विवेकानंद के अनुसार भारत के राष्ट्रिय आदर्श क्या हैं ?

2- निंदकों की जैसी एकाग्रता किनमें दुर्लभ है ?

3- राष्ट्र की वृद्धि किसके द्वारा संभव है ?

4- किसका नाम सभापति के लिए प्रस्तावित किया गया?

5- ह्रदय रोग के दो रुप कौन-से हैं ?

6- प्रोफेसर पांडुरंग लड़के को होश में लाने के लिए कैसी कहानियाँ सुनाने की सलाह देते हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए-** **3x3=9**

7- स्वदेश-भक्ति के बारे में स्वामी विवेकनंद जी का आदर्श क्या है ?

8- समन्वय युक्त जीवन के संबंध में वासुदेवशरण अग्रवाल के विचार प्रकट कीजिए ?

9-बद्रीनारायण मंदिर की विशेषता पर प्रकाश डालिए ?

10-हार्ट अटैक के रोगी का इलाज किस तरह किया जाता है ?

11-'मिशनरी' निंदक से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** **1x4=4**

12-लालबिहारी को मैं अपना भाई नहीं समझता ।

13-आपका उम्मीदवार किस डिवीजन में पास है ।

14-नहीं, कई बेटे अपने बाप से बड़े हो जाते हैं ।

15-यात्रा का यह अस्थायी स्नेह भी कितना पवित्र होता है ।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए-** **2x3=6**

16- ह्रदय का गुण ही धडकना है ।

17- उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो।

18- पंडिताइन चाची के न्याय-विधान में न क्षमा का स्थान था, न अपील का अधिकार।

19- हम हर्गिज़ नहीं मानते की कागज़ की तीन लकीरों के कारण हम लोग नालायक हैं।

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-** **1x6=6**

20-रसखान पशु रूप जन्म लेने पर कहाँ रहना चाहते हैं ?

21- मीराबाई ने कृष्ण प्रेम को किससे सीचा ?

22-तोड़ती पत्थर कविता के कवि कौन हैं ?

23-कवि किससे बिछुड़कर रह गया है ?

24-दुनिया कैसी हैं ?

25-कवि ने दिवास्वप्न की रानी किसे कहा है ?

**आ) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2x3=6**

26-तुलसीदास कुल रीति के पालन करने के संबंध में क्या कहते हैं ?

27-'उल्लास' कविता के आधार पर मानव ह्रदय में उठने वाले भावों को अपने शब्दों में लिखिए ?

28-अपने मुग्ध मित्र से बिछुड़कर कवि की आत्मा कैसे तड़प रही है ?

29-बच्चन जी ने संसार और जीवन के संबंध में क्या कहा है ?

**इ)ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए-** **2x4=8**

30) जगत में जन्म लेने पर, स्तुति निंदा से क्या डरना?**अथवा**जग ते रह छत्तीस है, राम चरन छह तीन।

मन में क्रोध न करके समचित्त रहना चाहिए ।।तुलसी देखु विचार हिय, है यह मतौ प्रबीन।।

31) तुम देवलोक आनंद-गीत- आशा अखंड शोभा परीत ,

मैं स्नेह विकल झंकृत प्रगित-तुम आओ मन के मुग्ध मीत।।

**अथवा**

प्रतिभा बोली – "यातना, निरंतर कष्ट-सहन की ताकत में

मैं बसती हूँ संघर्ष-निरत साधक में, असिधारा-व्रत में।"

(अ )ए**क शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-** **1x6=6**

32-किसकी शादी तय हो गई थी?

33- लड़की की पढ़ाई कहाँ तक हुई थीं?

34-श्मशान सारे दिन किसके शव की प्रतीक्षा करता रहा ?

35- बालक का नाम क्या है ?

36-चंद्रप्रकाश के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति कैसे जीना चाहता है?

37- मालती ने किस मुहल्ले के कुँए से पानी निकाल कर पिया था ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **3x3=9**

38- मधुआ पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ?

39- श्मशान ने आह भरकर पहाड़ी से क्या कहा ?

40- बाबूजी सगाई में केवल सवा रुपए क्यों लेना चाहते थे ?

41- दिल्ली में शीतलहर के प्रकोप का वर्णन कीजिए?

42- सिलिया के स्वभाव का परिचय दीजिए?

43- सिद्धेश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे ?

V अ) 44)- **वाक्य शुद्ध कीजिए-** **1x5=5**

1- सरला ने कहानी पढ़ा।

2-ग्यारवीं शताब्दी का बात है।

3- आप आपके घर जाइए ।

4- जो जन्म लेती है वह अवश्य ही मरती हैं ।

5- आप अभी कहाँ जा रहे हो ।

**आ) 45) रिक्त स्थान भरिए-** **1x5=5**

**(का,पर, के, की, को )**

1-दरवाजे .......कौन खड़ा है ।

2- पुत्र ......ने अपने पिता का नाम रोशन किया ।

3- राजा दशरथ ......चार पुत्र थे ।

4- पिता ने बच्चों .......को मिठाई दी ।

5- वह अपने माता-पिता .......इज्जत करता है।

**इ)46) मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए-** **1x4=4**

1- टांग अड़ाना अ- बात बिगड़ जाना।

2- गुड़ गोबर करना ब –व्यर्थ में दखल देना ।

3- मुँह फेरना स –सम्मान प्राप्त करना ।

4- नाम कमाना द –उपेक्षा करना ।

**ई)47) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए-** **1x3=3**

क)हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं । (भूतकाल में बदलिए)

ख) बूढ़ों को देखकर युवक हँसते हैं । (भविष्यकाल में बदलिए )

ग) उसने करवट बदली । (वर्तमान काल में बदलिए)

**उ)48) अन्य लिंग रूप लिखिए-** **1x2=2**

1)भगवान् 2) बादशाह ।

**ऊ)49) अन्य वचन रूप लिखिए-** **1x2=2**

1-आँख 2) विधि ।

**ए)50) समानार्थक शब्द लिखिए-** **1x2=2**

1-चाँद 2) हाथ।

**ऐ)51) विलोम शब्द लिखिए-** **1x2=2**

1-आदर 2)नैतिक ।

**VI 52) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1x5=5**

ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य प्रकृति में छुपाकर रख दिए थे. मनुष्य ने अपने परिश्रम और प्रयत्न से उन रहस्यों पर से परदा हटा दिया. यह कहना गलत है कि मनुष्य संसार में आते समय अपना भाग्य लेकर आता है. वास्तव में वह अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है जो वह अपनी मेहनत से बनाता है. प्रकृति मनुष्य के भाग्य से हार मानती है जो लोग भाग्य पर विशवास करते हैं वे आलसी हैं. वास्तव में वीर और परिश्रमी व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं बनाता है.

**प्रश्न**-1- ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य किसमें में छुपाकर रख दिए थे ?

2-किसने अपने परिश्रम और प्रयत्न से रहस्यों पर से परदा हटा दिया?

3- प्रकृति किससे हार मानती हैं ?

4- भाग्य पर विश्वास करने वाले लोग कैसे होते है ?

5-अपने भाग्य का निर्माता कौन है ?

**53) किसी विषय पर पत्र लिखिए-** **1x5=5**

बैंक में खाता खोलने के लिए प्रबंधक के नाम आवेदन-पत्र लिखिए।

अथवा

चार दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**54) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए-** **1x5=5**

1-India is a rich cultured country.

2- Books are our best friend.

3- I could not see that film .

4- He will come after some time .

5- Friends are our real well-wishers.

****